



Regd No. 01547/2022

AIOBC social justice for all
Estd - 1998
Social Justice for All

# UNION BANK BACKWARD CLASSES (OBC) EMPLOYEES WELFARE ASSOCIATION UTTAR PRADESH

Affiliated with-All India Union Bank OBC Eployees Welfare Association
C/o : Union Bank of India, Regional Office, Sikraul, Varanasi
Mobile : 9918306777 E-mail : aiobc.up@gmail.com
Website - https://aiobc.org

Empower
Trust for Social Welfare
Caring People... Powering People
an academic & social wing of Association
(Estd-2022 (Regd)

| BINOD PRASAD SHARMA | DR. AMRITANSHU | JAY SHANKAR KUMAR | DILEEP KR. KANAUJIA | PAWAN KR. PATEL |
|---|---|---|---|---|
| PRESIDENT | GENERAL SECRETARY | DGS (VARANASI) | DGS (LUCKNOW) | TREASURER |
| M-8765463674 | M-9918306777 | M-9918301408 | M-9305381209 | M-8416899950 |


Ref : GS/Policy166//25 | Date : 14th April'25

## 1 अप्रैल 2025 से लागू नीति निर्माण संबंधी सूचना

# कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा स्वीकृत संगठन के सक्रिय सदस्यों हेतु कल्याणकारी योजना

पहली योजना – **मेधावी छात्रों के लिए स्कॉलरशिप योजना**
दूसरी योजना – **आकस्मिक मृत्यु सहायता योजना**

कल्याणकारी योजनाएं संगठन की सामाजिक एवं शैक्षिक इकाई **इम्पावर:ट्रस्ट फॉर सोशल वेलफेयर** की ओर से संचालिति की जाएगी

**दोनों ही योजनांए वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए लागू होंगी। अगले वर्ष समीक्षा के पश्चात योजनाओं को जारी रखा जा सकता है। मेधावी छात्रों के लिए स्कॉलरशीप की राशि बढ़ाई जा सकती है। वर्तमान में इन योजनाओं से संबंधित व्यय का आकलन नहीं हो पा रहा है।**

साथियों,

विगत एक–दो वर्षों से संगठन /ट्रस्ट की ओर से अपने सक्रिय सदस्यों के लिए कुछ कल्याणकारी योजनाएं लागू किए जाने की चर्चा कई प्रतिनिधियों के साथ की गई, लेकिन अभी तक उन पर अमल नहीं किया गया। कई बार संगठन को प्राप्त होने वाले सदस्यता शुल्क का सीमित होना इन योजनाओं का चालू करने में एक संकोच पैदा करती रही। परन्तु हमने सोचा है कि यदि हम नीचे लिखे दो याजनाओं को सुविधा पूर्वक चला सकें तो यह निरंतर चलती रहेगी –

## पहली योजना – **मेधावी छात्रों के लिए स्कॉलरशिप योजना**

- **यूनियन बैंक ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ,उत्तर प्रदेश** अपने सदस्यों के बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहा है। इसी संदर्भ में हमें यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि हम अपने सक्रिय सदस्यों के उन बच्चों के लिए स्कॉलरशिप योजना शुरू कर रहे हैं, जो 10वीं कक्षा एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

  इस योजना के तहत, यदि हमारे किसी सदस्य का बच्चा 10वीं या 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 75% से अधिक अंक प्राप्त

पृष्ठ–2 पर

# कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा स्वीकृत संगठन के सक्रिय सदस्यों हेतु कल्याणकारी योजना

पृष्ठ–2 जारी

करता है, तो उसे निम्नलिखित स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी:

**10वीं कक्षा: 500 रुपये  12वीं कक्षा: 750 रुपये**

यह राशि विद्यार्थी के बैंक खाते में सीधे जमा की जाएगी।

## मुख्य शर्तें:

1. यह योजना केवल सक्रिय सदस्यों के बच्चों के लिए लागू होगी जो संगठन के सदस्य होंगे.
2. छात्र को 10वीं या 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 75% अंक प्राप्त करने होंगे।
3. स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी को मार्कशीट की प्रति और बैंक खाता विवरण जमा करना अनिवार्य होगा।
4. यह राशि केवल एक बार प्रति कक्षा प्रदान की जाएगी।

हम अपने सदस्यों के बच्चों को उनकी मेहनत और लगन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह कदम उठा रहे हैं।

**महत्वपूर्ण बातें :**

सभी क्षेत्रीय सचिव /सहायक क्षेत्रीय सचिव अपने क्षेत्र की सूचना निम्नांकित एक्सेल में बिना कोई परिवर्तन किए इसी फॉर्मेट में श्री शालीन कुमार, क्षेत्रीय सचिव वाराणसी,को shaleen.kumar@unionbankofindia.bank & obcupfederation@gmail.com एवं Front Leaders व्हाट्सएप्प ग्रुप में/को प्रेषित करेंगे। ताकि सुविधा पूर्वक सभी क्षेत्रों के आंकड़ों को समेकित किया जा सके। सम्पूर्ण डाटा का विश्लेषण कर स्वीकृति प्रदान करते हुए कोषाध्यक्ष /सह कोषाध्यक्ष को छात्रों के बचत खाते में अंतरित करने हेतु भेजा जाएगा।

## FORMAT OF INFORMATION

| SR. NO. | NAME OF EMPLOYEES | PF NO. | NAME OF SON / DAUGHTER | NAME OF BOARD | STANDARD X / XII | MARKS OBTAINED IN % | STUDENT'S BANK SB ACCOUNT NUMBER |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

पृष्ठ–3 पर

JYOTI BA PHULE SAHU JI MAHARAJ EVR. PERIYAR DR. AMBEDKAR NARAYAN GURU KARPURI THAKUR B.P. MANDAL V. P. SINGH
AIOBC social justice for all
Estd - 1998
Social Justice for All
Regd No. 01547/2022
UNION BANK BACKWARD CLASSES (OBC) EMPLOYEES WELFARE ASSOCIATION UTTAR PRADESH
Affiliated with-All India Union Bank OBC Eployees Welfare Association
C/o : Union Bank of India, Regional Office, Sikraul, Varanasi
Mobile : 9918306777 E-mail : aiobc.up@gmail.com
Website - https://aiobc.org
Empower
Trust for Social Welfare
Caring People... Powering People
an academic & social wing of Association
(Estd-2022 (Regd)

# कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा स्वीकृत संगठन के सक्रिय सदस्यों हेतु कल्याणकारी योजना



## दूसरी योजना – **आकस्मिक मृत्यु सहायता योजना**

**यूनियन बैंक ओबीसी कर्मचारी कल्याण संघ,उत्तर प्रदेश** अपने सम्मानित सदस्यों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। इसी कड़ी में हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हम अपने सदस्यों के लिए एक नई सहायता योजना शुरू कर रहे हैं। इस योजना के तहत यदि किसी सदस्य की दुर्भाग्यवश 60 साल की उम्र तक आकस्मिक मृत्यु हो जाती है, तो उनके आश्रितों / परिवार को एकमुश्त राशि Rs.15000/- रुपये प्रदान की जाएगी। यह सहायता राशि हमारे सदस्यों के परिवार को ऐसी अप्रत्याशित परिस्थितियों में आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से दी जाएगी।

**मुख्य शर्तें**:

- यह योजना केवल सक्रिय सदस्यों पर लागू होगी, जो संगठन के न्यूनतम छह माह पुराने सदस्य होंगे.
- सदस्य की आयु मृत्यु के समय 60 वर्ष से कम होनी चाहिए।
- सहायता राशि प्राप्त करने के लिए आश्रितों/परिवार को आवश्यक दस्तावेज यूनियन परिवार द्वारा सदस्यता प्रमाण ) जमा करने होंगे।
- यह राशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी और इसे प्राप्त करने का अधिकार केवल सदस्य के वैधानिक आश्रितों/परिवार को होगा।

हम आशा करते हैं कि यह योजना हमारे सदस्यों और उनके परिवारों के लिए दुःख की घड़ी में एक सहयोग का काम करेगी।

क्षेत्रीय सचिव / सहायक सचिव अपने क्षेत्र की सूचना श्री शालीन कुमार, क्षेत्रीय सचिव वाराणसी,को shaleen.kumar@unionbankofindia.bank & obcupfederation@gmail.com एवं Front Leaders व्हाट्सएप्प ग्रुप में / को प्रेषित करेंगे। ताकि आगे की कार्यवाई की जा सके।

प्रतिनिधियों से हमारी अपील है कि ये सभी सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्य हैं, कई बार आपको अपने कीमती समय में से थोड़ा समय निकालकर ये कार्य करने होंगे। कृपया संगठन को उर्जावान बनाने में सभी अपना अपना सहयोग यथावत करते रहें। आज संगठन आप सभी के सहयोग और समर्पण के बल पर एक मजबूत और शक्तिशाली रूप में खड़ा है।

Union Bank Backward Classes (OBC) Employees Welfare Association, UP — C/o Union Bank of India, Regional Office, Sikraul, Varanasi-221002 — AIOBC social justice for all — 1998

बिनोद प्रसाद शर्मा
अध्यक्ष

डॉ0 अमृतांशु
महासचिव